SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 09 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 14

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मणिपुर के मंत्री के आवास पर बम विस्फोट

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर के मंत्री वाई खेमचंद के आवास के गेट पर बीती रात एक बम विस्फोट हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। विस्फोट के प्रभाव से सीआरपीएफ के एक जवान के दाहिने हाथ में मामूली चोटें आईं। धमाके की जानकारी लेने के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि दोपहिया वाहन से आये अज्ञात लोगों ने बम फेंका। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मंत्री के आवास के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### तेलंगाना : आग में जलकर टीएसआरटीसी की बस हुई खाक

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) की एक बस जगतियाल जिले में एक डिपो में रविवार को आग दुर्घटना में जलकर खाक हो गई। कोरुटला बस डिपो परिसर में कर्मचारियों द्वारा डीजल भरवाने के बाद बस में आग लग गई। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। कोरुटला-हैदराबाद के बीच संचालित होने वाली बस दोपहर के समय डिपो पहुंची और डिपो के कर्मचारियों ने वाहन में डीजल भरा। बस में उस समय अचानक आग लग गई जब वह ईंधन भराने के बाद पेट्रोल पंप के पास खड़ी थी। डिपो अधिकारियों द्वारा सतर्क किए जाने पर अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हालांकि, आग फ्यूल स्टेशन तक नहीं फैली, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। टीएसआरटीसी के अधिकारियों ने कहा कि बैटरी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका है।

### पीएम मोदी ने की एशियाई खेलों में अब तक सबसे ज्यादा पदक जीतने के लिए भारतीय टीम की सराहना

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हांगझोऊ एशियाई खेलों में अब तक के सबसे अधिक पदक जीतने के लिए भारतीय दल की सराहना की। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशियाई खेलों में भारत के लिए यह कितनी ऐतिहासिक उपलब्धि है! पूरा देश बहुत खुश है कि हमारे अविश्वसनीय एथलीटों ने अब तक के सर्वाधिक 107 पदक जीते हैं, जो पिछले 60 वर्षों में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। उन्होंने आगे कहा, हमारे खिलाडिय़ों के अटूट दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है। उनकी जीत ने हमें याद रखने के क्षण दिए हैं, हम सभी को प्रेरित किया है और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण पदक, 38 रजत पदक और 41 कांस्य पदक जीते हैं।

### ममता सरकार के मंत्री फिरहाद और एमएलए मदन मित्रा के ठिकानों पर सीबीआई ने की रेड

**कोलकाता (आरएनएस)।** सीबीआई ने नगर पालिकाओं में करोड़ों रुपये की भर्ती के मामले में एजेंसी की चल रही जांच के सिलसिले में रविवार को पश्चिम बंगाल के मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के आवास पर तलाशी ली। इसी जांच के सिलसिले में सीबीआई अधिकारियों की एक दूसरी टीम तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास पर पहुंची। उनके आवासों की बाहरी रिंग को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने पूरी तरह से घेर लिया है। किसी को भी घर में प्रवेश करने या उससे बाहर आने की अनुमति नहीं है। दक्षिण कोलकाता के चेतला स्थित हकीम के आवास पर केंद्रीय बल के जवानों ने मंत्री के निजी अंगरक्षकों और अधिवक्ताओं को भी आवास में प्रवेश नहीं करने दिया। मंत्री की बेटी प्रियदर्शनी हकीम को भी शुरू में घर में प्रवेश करने से रोका गया, लेकिन बाद में अनुमति दे दी गई। हकीम और तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय समर्थकों ने छापेमारी और तलाशी अभियान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। रिपोर्ट दर्ज होने तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी। नगर पालिकाओं में भर्ती मामले में समानांतर जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवास सहित 12 स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था।

# बिहार में 24 घंटे में डूबने से 22 लोगों की मौत : 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा



### पूजा करने के बाद सेल्फी लेने के चक्कर में नदी में डूबीं पांच नाबालिग लड़कियां

बिहार के भोजपुर जिले में सोन नदी में गिरने से पांच नाबालिग लड़कियों की मौत होने की आशंका है। यह घटना जिले के चंडी थाना अंतर्गत बहियारा गांव में हुई, जब महिलाएं जितिया त्योहार के अवसर पर पूजा करने नदी तट पर गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लड़कियां पूजा करने के बाद जब सेल्फी ले रही थीं, उसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नदी में गिर गईं। मौके पर स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। अभी तक किसी भी लडक़ी का शव बरामद नहीं हुआ था।

**❒ सीएम ने जताया शोक**

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान नदी, तालाब, पोखर सहित अन्य जलाशयों में डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें से सबसे अधिक भोजपुर जिले में पांच लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है। डूबने से लोगों की हुई मौत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

बताता जाता है कि पिछले 24 घंटे में प्रदेश के नौ जिलों में डूबने से 22 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे अधिक भोजपुर जिले में पांच लोग शामिल हैं। इसके अलावा पिछले 24 घंटों के दौरान जहानाबाद जिले में 4 लोगों की मौत डूबने से हुई है जबकि पटना और रोहतास जिले में 3- 3 और दरभंगा तथा नवादा में 2-2 लोगों की मौत डूबने से हुई है।

मधेपुरा, कैमूर तथा औरंगाबाद में डूबने से एक – एक व्यक्ति की मौत हुई है। डूबने से हुई मौत की घटनाओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि दु:ख की इस घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान अविलंब देने के निर्देश दिये हैं।

# ईडी ने अफरोज फत्ता मामले में 55 करोड़ रुपए की 10 संपत्तियां की कुर्क



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आर ए डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज कपूर, विजेन गिरीशचंद्र झावेरी और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद 55.17 करोड़ रुपये की 10 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इसे अफ़रोज़ फत्ता केस के नाम से भी जाना जाता है।

ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धाराओं के तहत 10 संपत्तियों को कुर्क किया। ईडी ने आईसीआईसीआई बैंक, सूरत द्वारा दायर शिकायत और सूरत पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की, इसमें यह आरोप लगाया गया था कि आर ए डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लिमिटेड और आठ अन्य कंपनियों ने जाली प्रवेश बिल जमा किए और तीन संयुक्त अरब अमीरात और पंद्रह हांगकांग स्थित संस्थाओं को धन भेजा।

वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा, जांच से पता चला कि विदेश से भेजी गई अपराध की आय में से कपूर और झावेरी को संयुक्त अरब अमीरात और हांगकांग में क्रमश: 58.14 करोड़ रुपये और 2.81 करोड़ रुपये मिले।

जाली बिलों और दस्तावेजों के आधार पर मदन लाल जैन और अफरोज मोहम्मद हसन फत्ता द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित इकाइयां। कपूर, झावेरी और उनके परिवार के सदस्यों की दस अचल संपत्तियों को पीएमएलए, 2002 की धारा 5 के तहत अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है। यह अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने से प्राप्त होता है।

इस मामले में, ईडी ने पहले ही 60 करोड़ रुपये की संपत्तियों को कुर्क करते हुए नौ अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए हैं। चल या अचल संपत्तियों का कुल मूल्य इस मामले में अब तक 115 करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं।

# जम्मू : राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के 2 पोर्टर घायल



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कलाल इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए, जिनकी पहचान अश्वनी कुमार और राज कुमार के रूप में हुई है।

एक अधिकारी ने कहा, दोनों घायल पोर्टर मंगोटे गांव के हैं। उन्हें गहरे जख्म हो गए हैं और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

आतंकियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सेना द्वारा एलओसी के पास बारूदी सुरंगें लगाई जाती हैं। कभी-कभी बारिश या भूवैज्ञानिक कारकों के कारण ये बारूदी सुरंगें अपनी जगह से खिसक जाती हैं, जिससे दुर्घटनाएं और अप्रत्याशित विस्फोट होते हैं। ऐसी बारूदी सुरंगों को तकनीकी भाषा में ड्रिफ्ट लैंडमाइंस कहा जाता है।

# बेकाबू होकर पलटा टैंकर : हाईवे पर बिछी भेड़ों की लाश



**उदयपुर (आरएनएस)।** जिले के गोगुन्दा क्षेत्र में घुमावदार हाईवे पर रविवार को बेकाबू टैंकर पलट गया। हादसे में सैकड़ों भेड़ों की मौत हो गई और दो गड़रिए घायल हो गए, जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पलटे टैंकर में सरसों का तेल भरा था, जिसे बहता देख ग्रामीण लूटने में जुट गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा टैंकर को हटवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना उदयपुर जिले के गोगुंदा में रविवार को 11.30 बजे नेशनल हाईवे-27 पर बादवी गुडा के पास हुई। हादसे में वहां से गुजर रही 100 ज्यादा भेड़ों की मौत हो गई, जिन्हें बेकाबू ट्रक रौंदता हुआ पलट गया। पूरे हाईवे पर खून ही खून हो गया और भेड़ों की लाशें बिछ गईं। टैंकर में सरसों का तेल भरा था, जो हादसे के बाद रिसने लगा। आसपास के ग्रामीण डिब्बे-बर्तन लेकर सरसों का तेल लूटने आ पहुंचे। घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया था। घटना की सूचना मिलते ही गोगुंदा विधायक प्रतापलाल गमेती, उपखंड अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ और गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, घटना में घायल करीब 20 से ज्यादा भेड़ों को वेटनरी डॉक्टर बुलाकर इलाज कराया जा रहा है।

**मोड़ पर ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा**

गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया। उसने बताया कि वह गुजरात के कांदला से उदयपुर के फतहनगर में सरसों के तेल से भरा टैंकर लेकर जा रहा था। अचानक गाड़ी का ब्रेक फेल होने से ये हादसा हुआ। गडरिया परिवार भेड़ों को लेकर सिरोही से मध्य प्रदेश जा रहे थे। हादसे में गडरिया परिवार के 2 लोग भी घायल हो गए। जिन्हें तुरंत शहर के एमबी सरकारी हॉस्पिटल रेफर किया गया। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि भेड़ों को हाईवे से ले जाने की अनुमति नहीं है। इन्हें गांवों के बीच से होकर ले जाने का अलग रूट दिया हुआ है लेकिन वे शॉर्टकट के चक्कर में हाईवे से भेड़ों को लेकर जाते हैं।

**सरसों का तेल भरने पहुंच गए ग्रामीण**

इधर, सरसो के तेल से टैंकर में रिसाव शुरू हो गया था। टैंकर में भरा सरसों का तेल रोड पर फैल गया। इस दौरान आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही वे हाईवे पर पहुंच गए। वे यहां हाईवे पर बिखरे सरसों के तेल को बर्तनों को डिब्बों में भरकर ले गए।

# इजराइल-हमास में 22 जगहों पर जंग : भारत ने फ्लाइट्स रोकीं, नेतन्याहू की चेतावनी- मिट्टी में मिला देंगे आतंकियों के ठिकाने



**तेल अवीव।** फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के बढऩे के बीच मरने वालों की संख्या 530 से अधिक हो गई है और 3200 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इजरायली आर्मी के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने बताया कि देश की 22 जगह पर अब भी लड़ाई चल रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 230 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1700 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, सात अक्टूबर को हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 300 इजराइलियों की मौत हुई है और 1,500 से ज्यादा घायल हैं।

इसी बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को हमास के आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके सभी ठिकानों को हम मलबे में तब्दील कर देंगे। वहीं, इजराइल में बिगड़ते हालात के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा है। साथ ही इजराइल से भारत आने और जाने वाली फ्लाइट्स को रोक दिया गया है।

### इजरायल- हमास युद्ध के बीच इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी, भारतीयों से घरों में ही रहने की अपील

इजरायल पर हमास के आतंकियों ने भारी मात्रा में रॉकेट दागे। इजरायल पर हुए हमास के रॉकेट हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इजरायल के चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, आतंकवादी हमले में 300 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा 908 घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
इसी बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।
इजरायल पर हमास के आतंकवादी हमले के बाद फलस्तीन में भारत के प्रतिनिधि कार्यालय ने रामल्लाह में सभी भारतीय नागरिकों से आपात स्थिति में या किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर सीधे कार्यालय से संपर्क करने को कहा है।
प्रतिनिधि कार्यालय ने 24 घंटे की आपातकालीन हेल्पलाइन जारी की है। 24 घंटे की आपातकालीन हेल्पलाइन: जव्वाल: 0592-916418, व्हाट्सएप:+970-59291641
वहीं, पवित्र तीर्थयात्रा के लिए यरुशलम की यात्रा करने वाले मेघालय के 27 नागरिक बेथलहम में फंस गए हैं। मेघालय के मुख्यमंत्री संगमा ने ट्वीट कर लिखा, मैं उनकी सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय के संपर्क में हूं।

### अफगानिस्तान में भूकंप का कहर

# मरने वालों का आंकड़ा 1000 के पार, दर्जनों इमारतें जमींदोज-कई गांव नष्ट

**हेरात ।** अफगानिस्तान में भूकंप के झटकों ने जमकर कहर बरपाया है। भूकंप के कारण अब तक एक हजाार से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि हजारों की तादात में लोग घायल बताए जा रहे हैं। भूकंप की तीव्रती रिक्टर पैमाने पर 6.3 मापी गई। भूकंप के झटकों से कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जिससे काफी लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

हेरात के एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि अफगानिस्तान के हेरात और अन्य पश्चिमी प्रांतों में भूकंप के कारण एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग अन्य घायल हो गए। हेरात के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरणके प्रांतीय निदेशक मावलावी मूसा अशारी ने कहा कि भूकंप के कारण हेरात के जिंदाजान और घोरियन जिलों के 12 गांव नष्ट हो गए। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, शनिवार को अफगानिस्तान में 6.2 तीव्रता के दो भूकंप आए।

बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है, इसमें कहा गया है कि प्रांतीय सरकार के अधिकारियों को भूकंप प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता की आपूर्ति करने के लिए सहायता एजेंसियों के साथ अपने आवश्यक प्रयासों का समन्वय करने का निर्देश दिया गया है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर नो मैन्स लैंड में होगी दुर्गा पूजा, हिंदू-मुस्लिम तैयार



**करीमगंज (आरएनएस)।** असम के करीमगंज जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित गोबिंदपुर गांव के 44 परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य नहीं है, क्योंकि यह गांव दोनों देशों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के बीच नो मैन्स लैंड जोन में कांटेदार तार की बाड़ द्वारा मुख्य भूमि से अलग किया गया है।

असम के बराक घाटी इलाकों में 124 किलोमीटर लंबी कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम 1994 में शुरू हुआ। हालांकि गोबिंदपुर गांव के निवासियों को मतदान का अधिकार है, वे भारतीय नागरिक हैं, फिर भी गांव वालों को कई नियमों का पालन करना पड़ता है। बाड़ के गेट सुबह खोले जाते हैं और शाम होने से पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा बंद कर दिए जाते हैं। ग्रामीणों को इस समय के भीतर अपने घरों को लौटना होगा। इसके अलावा, बाहरी लोग अधिकारियों की उचित अनुमति के बिना गांव में प्रवेश नहीं कर सकते।

हालांकि, गांव पूरे उत्साह के साथ दुर्गा पूजा मनाता है। गोबिंदपुर गांव में दुर्गा पूजा के आयोजन का इतिहास 100 साल से भी अधिक पुराना है। गांव में एक छोटा सा मंदिर है जहां हर साल पूजा का आयोजन किया जाता है। इस साल भी दुर्गा पूजा मनाने के लिए गांव में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

ग्रामीणों में से एक, बीरेंद्र नामसुद्र ने आईएएनएस को बताया, विभाजन के कारण हम भारतीय मुख्य भूमि से अलग हो गए थे। हालांकि, हम अपना पुश्तैनी घर नहीं छोडऩा चाहते थे। सीमा पर कई नियम हैं। बीएसएफ की ओर से दी गई पॉलिसी के मुताबिक हमें शाम होने से पहले गांव लौटना है परिणामस्वरूप, हमें दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में घूमने का अवसर नहीं मिलता है। ग्रामीणों के मुताबिक इस गांव में 100 साल से भी ज्यादा समय से देवी दुर्गा की पूजा होती आ रही है. उन्होंने दावा किया कि उन्हें देवी दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त है और इसीलिए वे पूजा जारी रख सकते हैं।

ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान पूरे गांव को सजाया जाता है और शाम को मंगल आरती भी होती है. अष्टमी और नवमी की रात को छोटी-छोटी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। चार दिनों तक ग्रामीणों के बीच प्रसाद बांटा जाता है। एक अन्य ग्रामीण, बिपुल दास ने दावा किया कि हालांकि सीमा सुरक्षा बल कुछ हद तक सख्त हैं, लेकिन वे ही हैं जो पूजा के आयोजन में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षा बलों के जवान वित्तीय दान, पीने के पानी की व्यवस्था, पंडालों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और विभिन्न सामग्री प्रदान करके मदद के लिए आगे आते हैं।

करीमगंज जिला बांग्लादेश के साथ 92 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, ज्यादातर उस देश के सिलहट जिले के साथ। गोबिंदपुर के अलावा, बाड़ के पार आठ भारतीय गाँव स्थित हैं। करीमगंज में बाड़ लगाने से परे अन्य गाँव लाफशैल, जरापाटा, लाटुकंडी, कुओरबाग, महिसाहन, टेसुआ, बरमागुल और देव तुली हैं। हालांकि, कोई अन्य गांव दुर्गा पूजा नहीं मनाता है। गोबिंदपुर गांव में 44 भारतीय परिवार हैं; इनमें से 42 हिंदू हैं और बाकी मुस्लिम हैं। गोबिंदपुर गांव के मुसलमान भी दुर्गा पूजा के उत्सव में शामिल होते हैं। पूजा के चार दिन पूरा गांव हर्षोल्लास के साथ बिताता है। एक अन्य ग्रामीण, टीटू नामसुसरा ने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान, हमें वित्तीय संकट के कारण अस्थायी रूप से दुर्गा पूजा को रोकना पड़ा। हम बाहरी लोगों से समर्थन नहीं मांगते हैं; यह हमारी अपनी दुर्गा पूजा है। जैसे-जैसे स्थिति में सुधार हुआ, हमने पिछले वर्ष का जश्न मनाना शुरू किया।